## समाचार

## कोरबा की जनता का मुझ पर अखंड विश्वास, मेरी सबसे बड़ी पूंजी, कोरबा के विकास के लिए अंतिम दम तक करूंगा काम – उद्योग मंत्री

**(उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य व महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में 02 वार्डो को मिली 61 लाख 30 हजार रू. के विकास कार्यो की सौगात, उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने रखी विकास कार्यो की आधारशिला)**




कोरबा 20 अप्रैल 2025 – प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने आज कहा कि कोरबा की जनता ने मुझ पर सदैव अपना अखंड विश्वास व्यक्त किया है, हमेशा अपना अशीर्वाद दिया है, यह मेरी सबसे बड़ी पूंजी है, मैं कोरबा के विकास के लिए अंतिम दम तक काम करूंगा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि कोरबा के विकास के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी का पूरा आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है तथा यहॉ के विकास के लिए जो भी प्रस्ताव उनके समक्ष मेरे द्वारा प्रस्तुत किए जाते हैं, वे इन प्रस्तावों को तत्काल अपनी स्वीकृति प्रदान करते हैं।

उक्त बातें उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने आज वार्ड क्र. 34 परशुराम नगर में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान कही। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा पं.रविशंकर शुक्ल नगर जोनांतर्गत वार्ड क्र. 34 एवं वार्ड क्र. 30 में 61 लाख 30 हजार रूपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य कराए जाने हैं, आज वार्ड क्र. 34 परशुराम नगर में उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता एवं सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर

तथा पार्षदगणों, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान इन विकास कार्यो की आधारशिला उद्योग मंत्री श्री देवांगन के हाथों रखी गई। उन्होने विधिवत पूजा अर्चना की, शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया तथा विकास कार्यो का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर उपस्थित वार्डवासियों को संबोधित करते हुए उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने आगे कहा कि आज देश व प्रदेश में हमारी ट्रिपल इंजन की सरकार है, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास की दिशा में ऐतिहासिक रूप से कार्य कर रही है, प्रदेश के शहरी इलाकों के साथ–साथ सुदूर ग्रामीण अंचलों तक विकास की बयार बह रही है, प्रदेश के प्रत्येक गांव में पक्की सड़कें हों, पेयजल की पर्याप्त सुविधा हों, कोई भी गांव, कोई भी मोहल्ला अंधेरे में न रहें, सभी घरों तक बिजली की रोशनी जगमगाएं, इस दिशा में राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है, एक ओर जहॉ आमनागरिकों की सुविधाओं में वृद्धि हो रही है, वहीं दूसरी ओर केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाकर उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का कार्य किया जा रहा है। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने आगे कहा कि प्रदेश के यशस्वी नेता पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह ने 15 वर्ष तक राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में छत्तीसगढ़ की जनता की सेवा की तथा ऐतिहासिक रूप से राज्य का विकास कर अपने छत्तीसगढ़ राज्य को देश के विकसित राज्यों की पंक्ति में लाकर खड़ा किया था, हमारी सरकार उनकी इसी विकास यात्रा को लगातार आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि मैं गर्व के साथ कह सकता हूॅ कि जब–जब हमारी सरकार देश व प्रदेश में बनती है, प्रगति व विकास की नई इबारते लिखी जाती हैं।

**नहीं टूटने दिया जाएगा, जनता जनार्दन का विश्वास** – भूमिपूजन कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि कोरबा की जनता ने हमारे उद्योग मंत्री भैया लखनलाल देवांगन पर तथा इसके पश्चात मुझ पर जो अपना अखंड विश्वास व्यक्त किया है, अपना आशीर्वाद देकर निगम की कमान मेरे हाथ में सौपी है, उनके इस विश्वास को कभी भी टूटने नहीं दिया जाएगा। उन्होने कहा कि जहॉ तक कोरबा के विकास का सवाल है तो उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन जब कोरबा के महापौर थे तो अपने कार्यो की बदौलत उन्होने कोरबा के विकास पुरूष की छबि बनाई थी, उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए मैं आपको विश्वास दिलाती हूॅ कि कोरबा के विकास में, आपकी समस्याओं को दूर करने में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी तथा आपकी इच्छा व मांग के अनुरूप ही विकास कार्य किए जाएंगे। महापौर श्रीमती राजपूत ने निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विकास व निर्माण कार्यो को तत्काल प्रारंभ कराएं तथा पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य करते हुए समयसीमा में इन कार्यो को पूरा करें।

**इन कार्यो का हुआ भूमिपूजन** – वार्ड क्र. 34 अंतर्गत टिंकू शर्मा के घर से मीना लहरे की गली तक 26 लाख रूपये की लागत से सी.सी. रोड नाली निर्माण, वार्ड क्र. 34 सुरेश चौरसिया घर से मंदिर के पीछे गली तक 18 लाख 70 हजार रूपये की लागत से सी.सी. रोड नाली निर्माण, वार्ड क्र. 34 अंतर्गत सत्यम शुक्ला के घर से आगे की ओर 10 लाख 30 हजार रूपये की लागत से सी.सी. रोड नाली निर्माण तथा वार्ड क्र. 30 अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल जे.पी.कालोनी कोरबा में 06 लाख 30 हजार रूपये की लागत से साईकिल स्टैण्ड निर्माण कार्य का भूमिपूजन आज सम्पन्न किया गया।

इस अवसर पर सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर के साथ ही पार्षद नरेन्द्र देवांगन, एम.आई.सी. सदस्य धनकुमारी गर्ग, अजय गोंड़, पार्षद लक्ष्मण श्रीवास, सुनीता चौहान, नारायणलाल कुर्रे, प्रताप सिंह कंवर, मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, पूर्व पार्षद मीना लहरे, उमाभारती सराफ, सुकुंदी यादव, सुशील गर्ग, दीपक यादव, सरजू अजय, नरेन्द्र पाटनवार, रूकमणी नायर, योगेश मिश्रा, प्रकाश

अग्रवाल, रामकुमार राठौर, नवनीत शुक्ला, जोन कमिश्नर प्रकाश चन्द्रा, सहायक अभियंता गोयल सिंह विमल, आकाश अग्रवाल, किरण साहू, गुहाराम टंडन, बबलू पाण्डेय, पुनीराम, पंचराम निराला, रामशंकर साहू आदि के साथ काफी संख्या में वार्ड के नागरिकगण उपस्थित थे।